कार्यालय नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय, अम्बेडकरनगर।

पुरानी बाउन्ड्रीवॉल की बिक्री की सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा जनपद न्यायालय, अम्बेडकरनगर की पुरानी बाउन्ड्रीवॉल की नीलामी की प्रक्रिया प्रारम्भ करने के सम्बन्ध में प्राप्त पत्र सं0–601/इन्फ्रा0 सेल इलाहाबाद दिनांकित 08.07.2020 के आलोक में जनपद न्यायाधीश महोदय के आदेश दिनांकित 08.07.02.2020 के अनुपालन में जनपद न्यायालय, अम्बेडकरनगर के न्यायालय परिसर की पुरानी बाउन्ड्रीवॉल की नीलामी हेतु (वर्तमान में जहां व जैसी स्थिति में उपलब्ध है के आधार पर) सीलबन्द निविदा आमंत्रित किये जाते हैं।जनपद न्यायालय, अम्बेडकरनगर की पुरानी बाउन्ड्रीवॉल का मूल्यांकन रूपये –11,88,996(ग्यारह लाख अटठासी हजार नौ सौ छियानबे) निर्धारित किया गया है। इच्छुक संस्था/व्यक्ति **सीलबन्द निविदा,** केन्द्रीय नजारत, जनपद न्यायालय, अम्बेडकरनगर में **दिनांक 17.08.2020 तक सायं 04 बजे** तक प्राप्त करा सकते हैं अथवा रजिस्टर्ड डाक से भेज सकते हैं। उक्त प्राप्त **निविदाएं दिनांक 18.08.2020 को समय सांय 04:30 बजे** निविदा दाताओं की उपस्थिति में जनपद न्यायालय, अम्बेडकरनगर के सभागार कक्ष में पंचम अपर जिला जज/ प्रभारी अधिकारी, नजारत अनुभाग की उपस्थिति में खोले जायेंगे। निविदा खुलने के समय निविदा दाताओं का व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी जनपद न्यायालय, अम्बेडकरनगर के नजारत अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है।

बिक्री की शर्ते

1. सबसे अधिक कीमत पाये जाने वाले निविदा दाता के नाम बिक्री करने हेतु आख्या प्रेषित की जायेगी।
2. निविदा स्वीकृत होने पर निविदा दाता को पुरानी बाउन्ड्रीवॉल की कुल कीमत अन्दर तीन दिन अदा करनी होगी।
3. बिक्रीत पुरानी बाउन्ड्रीवॉल की कुल कीमत अदा करने के उपरान्त बाउन्ड्रीवॉल की समस्त ईंटों एवं लोहे के ग्रिल आदि को अन्दर 15 दिन न्यायालय परिसर से उठाना होगा।
4. निर्धारित दिनांक व समय के उपरान्त कोई निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगी और न ही डाक से आये निविदा को प्राप्त किया जायेगा।

दिनांक–31.07.2020

प्रभारी अधिकारी, नजारत
जनपद न्यायालय, अम्बेडकरनगर

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जनपद न्यायालय, अम्बेडकरनगर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।
2. कलेक्ट्रेट नजारत, अम्बेडकरनगर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।
3. लोक निर्माण विभाग, अम्बेडकरनगर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।
4. नगर पालिका परिषद, अकबरपुर, अम्बेडकरनगर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।
5. कार्यालय जिला पंचायत, अम्बेडकरनगर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।
6. कार्यालय जिला विकास अधिकारी, अम्बेडकरनगर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।
7. तहसील अकबरपुर, अम्बेडकरनगर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।
8. जिला सूचना अधिकारी, अम्बेडकरनगर को स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
9. सिस्टम ऑफिसर, अम्बेडकरनगर को माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद व जनपद न्याायलय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

31/07/2020

दिनांक–31.07.2020

प्रभारी अधिकारी, नजारत
जनपद न्यायालय, अम्बेडकरनगर